# Shri Brahmanand Vidya Mandir Sainik School Chaparda

### Advisory Notice for Parents

In order to uphold the decorum, discipline, and values of our cadets, and to maintain the ethos of the Sainik School, parents are kindly advised to observe the following guidelines. Your cooperation is essential in ensuring the holistic development of your ward.

### Phone Call Advisory

- **Respect staff privacy**: Parents are requested not to call school staff members on their personal numbers.
- **Office communication**: Please contact the school office only during working hours on working days.
- **Scheduled calls:** The school provides a facility for cadets to call their parents twice a month. In case of an emergency, parents may contact the school office, or the school will also facilitate cadets to call their parents. Kindly avoid unscheduled calls except in genuine emergencies.

### Advisory on School Visits and Cadets' Classes

It has been observed that during visits, some parents insist on having their cadet accompany them, which results in cadets missing their scheduled classes. We kindly advise parents to refrain from this practice.

To maintain discipline, decorum, and academic focus in the school, parents are kindly advised to observe the following guidelines during visits:

- **Follow school norms:** Parents are expected to abide by the school's rules and regulations during visits.
- **Designated visiting day:** Visits are permitted only on the 4th Sunday of each month between 10:00 am and 4:00 pm.
- **Hostel restriction:** Parents are not permitted to stay in hostel rooms.
- **Avoid frequent visits:** Frequent visits may disturb discipline and order in the school.
- **Limit companions:** Please avoid bringing too many friends or relatives during visits.
- **Respect academic schedule:** Cadets must attend all scheduled classes regularly, even during parental visits.
- **Support discipline:** Parents' cooperation in ensuring cadets remain in class will strengthen discipline and academic progress.

- **Avoid interruptions:** Please do not insist that cadets leave class to accompany you, except in genuine emergencies.

### Food Advisory

- Parents are kindly advised to refrain from bringing food packets such as chips, fast food items, or other outside eatables which are not permitted in the school. Doing so may unintentionally affect the morale of other cadets, especially those who come from far-flung areas of the country and rely solely on the school facilities.
- The **school mess** provides healthy, hygienic, and tasty meals with adequate variety to meet the nutritional needs of all cadets. Introducing outside food can not only deteriorate the health of your ward but may also discourage them from consuming the balanced meals served in the mess.
- For the overall well-being, discipline, and uniformity of the residential system, parents are requested to support the school in ensuring that cadets continue to take their meals in the mess and avoid dependence on outside food.

### Advisory on Festival Leave

- **One-day leave policy**: As per School, CBSE, and Sainik Schools Society norms, festivals such as *Raksha Bandhan* and *Janmashtami* are observed with only one day of leave, and both are celebrated within the school premises.
- **Residential system**: Being a residential institution, we do not follow all closed holidays like day schools.
- **Avoid unnecessary visits**: Nearby parents are advised not to visit the school to take cadets home during festivals.
- **Prevent distractions**: Frequent visits and leave-taking distract cadets and affect their academic focus and physical training.
- **Encourage participation**: Parents are requested to motivate their wards to actively participate in school celebrations, which foster community spirit and discipline.

### Closing Note

We sincerely appreciate the cooperation of all parents in maintaining discipline and supporting the residential school system. Together, we can ensure the academic excellence, physical training, and character-building of our cadets.

**Principal**
Shri Brahmanand Vidya Mandir Sainik School Chaparda

# श्री ब्रह्मानंद विद्या मंदिर सैनिक स्कूल चापरडा

## अभिभावकों हेतु परामर्श सूचना

कैडेट्स में अनुशासन, शिष्टाचार एवं मूल्य स्थापित करने तथा विद्यालय की गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से अभिभावकों से विनम्र निवेदन है कि वे निम्नलिखित परामर्शों का पालन करें। आपके सहयोग से आपके बच्चे का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

**फोन कॉल परामर्श**

- **स्टाफ की निजता का सम्मान करें**: अभिभावक विद्यालय स्टाफ के निजी नंबर पर कॉल न करें।
- **कार्यालय समय में कॉल करें**: कॉल केवल कार्य दिवसों में कार्यालय समय पर ही करें।
- **निर्धारित कॉल**: विद्यालय कैडेट्स को अपने अभिभावकों से बात करने की सुविधा **महीने में दो बार** प्रदान करता है। आपात स्थिति में अभिभावक विद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं अथवा विद्यालय स्वयं कैडेट्स को अभिभावकों से बात करने की सुविधा उपलब्ध कराता है। कृपया वास्तविक आपात स्थिति को छोड़कर अनियोजित कॉल से बचें।

**विद्यालय भ्रमण एवं कक्षाओं पर परामर्श**

यह देखा गया है कि भ्रमण के समय कुछ अभिभावक अपने कैडेट को साथ ले जाने पर जोर देते हैं, जिससे कैडेट अपनी निर्धारित कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पाते। अभिभावकों से निवेदन है कि वे इस प्रकार की प्रथा से बचें।

- **विद्यालय नियमों का पालन करें**: भ्रमण के दौरान विद्यालय के नियमों का पालन करें।
- **निर्धारित दिन पर आएं**: अभिभावक केवल प्रत्येक माह के चौथे रविवार को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक ही आ सकते हैं।
- **हॉस्टल में ठहराव न करें**: अभिभावकों को हॉस्टल कक्ष में ठहरने की अनुमति नहीं है।
- **बार-बार भ्रमण न करें**: बार-बार विद्यालय आना अनुशासन और व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।
- **साथ आने वालों की सीमा रखें**: भ्रमण के समय अधिक मित्रों या परिजनों को साथ न लाएं।
- **शैक्षणिक समय का सम्मान करें**: कैडेट को भ्रमण के समय भी नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने दें।
- **अनुशासन का सहयोग करें**: कैडेट को कक्षा में बनाए रखने से अनुशासन और शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित होगी।

- **पढ़ाई में व्यवधान न डालें**: कृपया कैडेट को कक्षा छोड़ने के लिए बाध्य न करें, सिवाय वास्तविक आपात स्थिति के।

**खाद्य परामर्श**

- **बाहरी खाद्य सामग्री न लाएं**: अभिभावकों से अनुरोध है कि वे चिप्स, फास्ट फूड या अन्य बाहरी खाद्य सामग्री विद्यालय में न लाएं। ऐसा करने से दूर-दराज़ से आए अन्य कैडेट्स का मनोबल प्रभावित होता है।
- विद्यालय का **मेस** सभी कैडेट्स को पौष्टिक, स्वच्छ, स्वादिष्ट और विविधता से भरपूर भोजन उपलब्ध कराता है। बाहरी खाद्य सामग्री कैडेट के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और आपका बच्चा मेस का भोजन लेने से भी बच सकता है।
- कैडेट्स के स्वास्थ्य, अनुशासन और समानता बनाए रखने हेतु कृपया विद्यालय मेस के भोजन को ही प्रोत्साहित करें।

**त्योहारों की छुट्टी पर परामर्श**

- **एक दिन की छुट्टी नीति**: विद्यालय, सीबीएसई तथा सैनिक स्कूल सोसाइटी के नियमों के अनुसार *रक्षाबंधन* एवं *जन्माष्टमी* केवल एक दिन की छुट्टी के रूप में मनाए जाते हैं और दोनों त्योहार विद्यालय में ही मनाए जाते हैं।
- **आवासीय प्रणाली का सहयोग करें**: चूँकि यह एक आवासीय विद्यालय है, अतः सभी बंद छुट्टियाँ यहाँ लागू नहीं होतीं।
- **अनावश्यक भ्रमण से बचें**: समीपवर्ती अभिभावकों से निवेदन है कि वे त्योहारों के अवसर पर कैडेट को घर ले जाने हेतु विद्यालय न आएं।
- **ध्यान भंग न करें**: बार-बार छुट्टी लेने और अभिभावकों के लगातार आने से कैडेट का ध्यान भंग होता है तथा उनकी शैक्षणिक और शारीरिक प्रशिक्षण प्रभावित होता है।
- **विद्यालय उत्सवों में भागीदारी**: अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को विद्यालय में आयोजित उत्सवों में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।

**समापन**

विद्यालय अनुशासन बनाए रखने और आवासीय प्रणाली को सुदृढ़ करने में अभिभावकों के सहयोग की हम हार्दिक सराहना करते हैं। आपके सहयोग से कैडेट्स की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शारीरिक प्रशिक्षण और चरित्र निर्माण सुनिश्चित होगा।

**प्राचार्य**

*श्री ब्रह्मानंद विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, चापरडा*